# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# संकल्प यात्रा शिविर में ले सकते है विश्वकर्मा योजना का लाभ

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए फा◌ॅम वितरण किया जा रहा है। जिनका स्वंय का मकान नहीं है तथा किराए में निवासरत लोग जो स्वयं का मकान चाहते है शिविर में पहुंचकर आवास प्राप्त करने फा◌ॅम खरीद रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित शिविर में गैस कनेक्शन हेतु उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि से लोन लेकर व्यापार बढ़ाने के लिए भी बड़ी संख्या में हितग्राही जानकारी लेने स्टा◌ॅल में पहुंच रहे है।भिलाई निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिध शामिल हुए और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए स्टा◌ॅल का निरीक्षण करते हुए नागरिकों को शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ  की जानकारी दिए। जलाराम मंदिर में पार्षद सरिता देवी, दुर्गा मंदिर स्कूल में योगेन्द्र सिंह जिला महामंत्री, एसएन सिंह, सत्यम व्यास, मुकेश सिंह, श्रीनू राव, अशोक जैन, विनोद मुन, जयशंकर चौधरी, केशव पासवान ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर में उपस्थित नागरिको को भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने में हम सबकी अनिवार्य सहभागिता को लेकर संकल्प दिलाये तथा भारत द्वारा जारी किए गए 2024 के कैलेण्डर का विमोचन कर नागरिकों में वितरण किया गया।



# पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीयन, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान के लिए शिविर

भिलाईनगर । भिलाई निगम क्षेत्र के संपूर्ण 70 वार्डों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग एक माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक चलने वाला शिविर जोन 1,2,3,4 एवं 5 के प्रत्येक वार्ड के दो स्थान में एक साथ लगाया जाएगा जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा । शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन, आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निगम सभागार में आहूत बैठक में शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं एनयूएलएम की महिला कार्यकर्ताओं को शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट हेतु 15 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए के प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा ।



# 126 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर निगम भिलाई क्षेत्र के छावनी में आयोजित शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के 126 हितग्राहियों को ला◌ॅटरी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर निर्मित मकानों का आवंटन किया गया। स्वयं के मकान का सपना पूरा होने से हितग्राहियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किए। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में शिविर स्थल पर उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये थे उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) किफायती आवास "मोर मकान-मोर आस" घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत विभिन्न परियोजना स्थल अविनाश मेट्रोपा◌ॅलिश, कृष्णा इंजीनियरिंग का◌ॅलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, स्वपनिल बिल्डर्स कुरूद में निर्मित मकानों में 126 मकानों का आबंटन बुधवार विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर स्थल मंगल बाजार छावनी शहीद चुम्मन वार्ड 40 में ला◌ॅटरी निकालकर किया गया। जिसमें वरिष्ठ एवं दिव्यांग के रूप में 14 हितग्राही को भूतल पर प्राथमिकता के आधार पर ला◌ॅटरी से मकान आवंटित किया गया। पार्षद वीणा चंद्राकर एवं गिरिजा बंछोर ने ला◌ॅटरी में शामिल होने वाले हितग्राहियों का स्वागत कर मकान मिलने पर उन्हें नये मकान के लिए शुभकामनाएं दी। हितग्राही अपना स्वयं का मकान पाकर खुशी जाहिर करते हुए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किए।



# निगम क्षेत्र में पानी टंकी का होगा निर्माण

भिलाईनगर/भिलाई नगर निगम क्षेत्र में शुद्व पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर परिषद में चार नग उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य के लिए  दर की स्वीकृति प्रदान किया है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आहूत किया गया। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 4 नग उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किये जाने हेतु निविदा में प्राप्त दर की स्वीकृति महापौर परिषद में प्रदान की है। भिलाई निगम के खुर्सीपार में 1500 कि.ली, सुपेला क्षेत्र में 1500 कि.ली, वैशाली नगर में 2000 कि.ली एवं केम्प-2 के क्षेत्रो में 3000 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। उक्त टंकी के निर्माण हो जाने से भिलाई के सभी क्षेत्रो में पेयजल की समस्या का स्थायी निदान हो सकेगा। जिन क्षेत्रो में कम फोर्स के साथ पानी प्राप्त हो रहे है, उसका भी समाधान होगा।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभाग प्रमुख उपस्थित थे।



# जोन अधिकारी फिल्ड विजीट कर  करें समस्या का निराकरण व आगामी ग्रीष्म कि प्रारंभिक तैयारी- आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली। प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी जोन आयुक्त को सप्ताह में तीन दिन मॉर्निंग विजिट करने निर्देशित किया। विजिट के दौरान जोन आयुक्त जोन क्षेत्र में सफाई, निर्माण कार्य हो या अतिक्रमण जैसे मेजर समस्याओं का निराकरण के लिए उचित कार्यवाही करेंगे। सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सफाई कर्मी समय पर अपना कार्य प्रारंभ करे इसके लिए उनके आने जाने का निष्ठा टाईम की मॉनिटरिंग करें। एसएलआरएम सेंटर में कचरों के निष्पादन प्रक्रिया को निरंतर रखने कहा। जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए कि बैकलाइन, सड़क, नाली की सफाई रूट चार्ट बनाकर कार्य करें। पेयजल विभाग के अधिकारियों को निगम क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए कहीं भी लिकेज की समस्या आने पर संधारण कार्य त्वरित करे और चार्ट बनाकर प्रतिदिन पानी सैम्पल एवं जांच करने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त द्वारा मॉर्निंग विजिट के दौरान क्या कार्य किए इसकी रिर्पोट तैयार करेंगे जिसकी आयुक्त देवेश ध्रुव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ  अधिक से अधिक लोगो को मिले जिसके लिए  शिविर का आयोजित किया जा रहा  जिसमें आयुष्मान, आधार कार्ड बनाने व अपडेशन  की सुविधा  दी जा रही ।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# सफाई कार्य का प्रतिदिन देवे रिपोर्ट- आयुक्त

भिलाईनगर । निगम भिलाई की सफाई व्यवस्था को बीट आधारित रूट चार्ट बना के किये जाने के निर्देश आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने दिए है। जोन आयुक्त सप्ताह में तीन दिन सफाई कार्य का स्थल अवलोकन निरीक्षण कर प्रतिवेदन सौपेंगे।

आयुक्त श्री ध्रुव ने निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाने सभी जोन आयुक्तो को सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को अपने प्रभार क्षेत्र के बाजार , व्यवसायिक, एवं आवासीय क्षेत्रो मे होने वाले नियमित नाली, सडक सफाई कार्य का फिल्ड विजिट करने को कहा है। जोन आयुक्त सफाई व्यवस्था का रूट चार्ट बना कर प्रतिदिन सफाई करवाएंगे और उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य को जनजागृति के माध्यम से और सहज और सरल बनाने के लिए प्रचार अभियान चलाया जाएगा ताकि लोग घर से निकलने वाले कचरे मे से सुखा और गीला कचरा को अलग अलग दे। जोन आयुक जोन क्षेत्र मे संचालित मणिकंचन केन्द्र
(एस.एल.आर.एम) में एकत्र कचरे के निपटान, पृथ्थकीकरण के साथ सेंटर मे आने वाले कचरे की मात्रा एवं वजन का रिकार्ड संधारित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे । यहा भी सुनिश्चित किया जाना होगा कि दुकानदार अपने दुकान मे डस्टबीन रखे तथा कोई कचरा नाली मे न डाले ।




नगर पालिक निगम भिलाई

# जोन अधिकारी फिल्ड विजीट कर करें समस्या का निराकरण व आगामी ग्रीष्म कि प्रारंभिक तैयारी- आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक निगम सभागार में ली। प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी जोन आयुक्त को सप्ताह में तीन दिन मॉर्निंग विजिट करने निर्देशित किया। विजिट के दौरान जोन आयुक्त जोन क्षेत्र में सफाई, निर्माण कार्य हो या अतिक्रमण जैसे मेजर समस्याओं का निराकरण के लिए उचित कार्यवाही करेंगे। गर्मी के सीजन में पेयजल की समस्या न आए जिसे देखते हुए अभी से टैंकर, पावर पंप व अन्य तैयारियों के लिए पेयजल विभाग के ईई को निर्देशित किए, वार्डों में सफाई की समस्या वाले स्थलों को चिन्हाकित करे और रूटचार्ट अनुसार कार्य करने जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सफाई कर्मी समय पर अपना कार्य प्रारंभ करे इसके लिए उनके आने जाने का निष्ठा टाईम की मॉनिटरिंग करें। एसएलआरएम सेंटर में कचरों के निष्पादन प्रक्रिया को निरंतर रखने कहा। जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किए कि बैकलाइन, सड़क, नाली की सफाई रूट चार्ट बनाकर कार्य करें। पेयजल विभाग के अधिकारियों को निगम क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए कहीं भी लिकेज की समस्या आने पर संधारण कार्य त्वरित करे और चार्ट बनाकर प्रतिदिन पानी सैम्पल एवं जांच करने के निर्देश दिए



# निगम क्षेत्र में पानी टंकी का होगा निर्माण

भिलाईनगर/भिलाई नगर निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए महापौर परिषद में चार नग उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य के लिए  दर की स्वीकृति प्रदान किया है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में आहूत किया गया। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 4 नग उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किये जाने हेतु निविदा में प्राप्त दर की स्वीकृति महापौर परिषद में प्रदान की है। भिलाई निगम के खुर्सीपार में 1500 कि.ली, सुपेला क्षेत्र में 1500 कि.ली, वैशाली नगर में 2000 कि.ली एवं केम्प-2 के क्षेत्रो में 3000 कि.ली. क्षमता का उच्च स्तरीय पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। उक्त टंकी के निर्माण हो जाने से भिलाई के सभी क्षेत्रो में पेयजल की समस्या का स्थायी निदान हो सकेगा। जिन क्षेत्रो में कम फोर्स के साथ पानी प्राप्त हो रहे है, उसका भी समाधान होगा।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, मालती ठाकुर, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभाग प्रमुख उपस्थित थे।



# डेंगू/मलेरिया रोकथाम के लिए जनजागरूकता जरूरी है

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में सफाई कार्य से लेकर प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यों की बारी बारी से अभियंताओं से जानकारी लेते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जोन आयुक्त द्वारा किए जा रहे माॅर्निंग विजिट की समीक्षा करते हुए सफाई के साथ निर्माण कार्य का माॅनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। सभागार में आयोजित बैठक में निगम क्षेत्र के सीवर चेंबर खुला होने पर चर्चा की गई जिस पर आयुक्त ने सभी खुले चेंबर को ढंकने के निर्देश दिए है। जोन 02 के जोन आयुक्त ने बताया कि उनके क्षेत्र में 600 जगह खुला सीवर चेंबर चिन्हांकित किए गए है जिसके लिए ढक्कन तैयार कराया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य सभी जोन को भी निर्देश दिए गए। बैठक में सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी को डेंगू/मलेरिया/पीलिया जैसी संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता लाने हेतु निरंतर कार्य करने कहा। उन्होंने नाली में जला आयल, टेमिफाॅस का वितरण, पानी टंकी, कूलर, टायर व अनुपयोगी पात्र सहित जलजमाव वाले स्थानों की सघन जांच करने कहा है ताकि ऐसे बीमारियों से निगम क्षेत्र के नागरिकों को बचाया जा सके। उन्होंने शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेशन शिविर को जारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिले इस हेतु प्रचार प्रसार किया जावे ।

**Editorial Board**

**श्री देवेश कुमार ध्रुव**
**भा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री शरद दुबे**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**